हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

शुक्रवार, 28 फरवरी, 2020/9 फाल्गुन, 1941 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा वन मन्त्री].

कुल प्रश्न - 18

उचित मूल्य की दुकानें

829 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ज़िला किन्नौर में कितनी उचित मूल्य की दुकानें हैं;

(ख) गत वर्ष दिनांक 31 जनवरी 2020 तक किन्नौर में उचित मूल्य की दुकानों से छहः महीनों का राशन किस-किस महीने में बांटा गया; ब्यौरा महीना, तारीख बांटे गए खाद्य पदार्थों सहित दें; और

(ग) यह सत्य है कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक जिला किन्नौर में राशन डिपो में मियाद खत्म (Expiry Date) वाली दालें बांटी गई; यदि हां, तो दोषियों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है?

संजय विद्युत परियोजना

830 **श्री जगत सिंह नेगी(किन्नौर) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि गत वर्ष दिनांक 31-01-2020 तक 120 मेगावाट संजय जल विद्युत परियोजना से CSR में कोई भी धनराशि प्रभावित क्षेत्रों को नहीं दी गई है; यदि हां, तो कारण तथा कब तक प्रभावितों को धनराशि की अदायगी कर दी जाएगी;

(ख) गत 2 वर्षो में दिनांक 31 जनवरी 2020 तक सी0एस0आर0 में एस0जे0वी0एन0 द्वारा कुल कितनी धनराशि किन्नौर जिले में खर्च की गई तथा कितनी धनराशी सी0एस0आर0 की उपलब्ध करवाई गई; ब्यौरा स्कीमवार दें; और

(ग) यह सत्य है कि संजय जल विद्युत परियोजना में आऊटसोर्स कर्मचारियों को ओवर टाईम कार्य करने का वेतन नहीं दिया जा रहा है और इन्हें Winter Equipment, Snow shoes, Jackets आदि भी नहीं दिए गए हैं; तथा पावर हाऊस तक जाने हेतु यातायात सुविधा कब तक उपलब्ध करवा दी जाएगी ?

निगुलसरी सराय भवन

831 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गत 2 वर्षो से निगुलसरी में बन रहे सराय भवन (Rest House) का कार्य लम्बित पड़ा है; यदि हां, तो कारण तथा इसे कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा?

सड़क निर्माण कार्य

832 **श्री हीरा लाल (करसोग)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में SCCP के अंतर्गत कुल कितनी सड़कें हैं; कितनी सड़कों का कार्य शुरू हो चुका है, कितनी धनराशि व्यय की गई है तथा इन कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है?

Vacancy Position

833 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

how many posts of different categories are lying vacant in various educational institutions under Rampur Assembely Constituency; by when these posts will be filled up?

मंदिरों का अधिग्रहण

834 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 31.01.2020 तक सरकार प्रदेश में कितने मंदिरों का अधिग्रहण कर चुकी है, अधिग्रहित मंदिरों की सूची सभा पटल पर रखें;

(ख) इन मंदिरों के पास कितनी नगदी, सोना व चांदी का भंडारण है और कितनी एफ0डीज0 हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) मंदिरों के जीर्णोद्धार हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है?

पुलिस भर्ती हेतु आवेदन

835 **श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली)**ः

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में हुई पुलिस भर्ती के लिए कितने आवेदन प्राप्त हुए;

(ख) इन भर्तियों के लिए रखी गई फीस के माध्यम से कितनी धनराशि प्राप्त हुई; और

(ग) क्या सरकार फीस माफ करने का विचार रखती है?

New Gram Panchayats

836 **Sh. Mukesh Agnihotri(Haroli) :**
Smt. Asha Kumari(Dalhousie) :

Will the **Rural Development & Panchayati Raj Minister** be pleased to state :-

(a) whether there is any proposal to create new Gram Panchayats in the State;

(b) have any guidelines been framed for this purpose; and

(c) how many proposals have been received in the State; district wise details be given?

सड़क निर्माण

837 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत द्रमण-जोत वाया सिहुंता-चुवाड़ी सड़क को डबल लेन करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) प्रदेश में पूर्व सरकार ने जिन-जिन सड़क मार्गों का दर्ज़ा कम कर दिया था क्या सरकार पुनः उनका दर्जा बढ़ाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

विकास कार्य

838 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभिन्न शीर्षों में जो विकास कार्य प्रस्तावित किए गए हैं उनके FCA और FRCA की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा शीर्षवार दें?

Vacancy Position

839 **Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) in Hamirpur Assembly Constituency, how many posts of different categories are lying vacant in H.P.S.E.B.L.; and

(b) what steps have been taken by the Government to fill up these posts?

दूध उत्पादन

840 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में कितनी मात्रा में दूध का उत्पादन हुआ व उसको किस-किस दर पर खरीदा गया; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ख) क्रय किए गए दूध से कितनी मात्रा में मक्खन, घी व लस्सी तैयार की गई तथा ये उत्पाद किस-किस दर से विक्रय किए गए; ब्यौरा वर्षवार दें?

जुब्बल-संतोषीनगर सड़क

841 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जुब्बल-संतोषीनगर सड़क को स्तरोन्नत करने का कार्य प्रगति पर है; और

(ख) गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक इस सड़क हेतु विभिन्न मदों के अन्तर्गत कितनी निविदाएं आमन्त्रित की गईं; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम व धनराशि सहित दें?

----

22 के0वी0 कन्ट्रोल प्वांइट

842 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रगतिनगर के 22 के0वी0 कन्ट्रोल प्वांइट को इस स्थान से किसी अन्य स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया गया है; यदि हाँ, तो जगह के नाम सहित ब्यौरा दें?

भवन निर्माण

843 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंशारी, जागोठी, मसली के भवनों व राजकीय महाविद्यालय सीमा के प्राध्यापकों के आवासों के निर्माण हेतु निविदाएं कब आमंत्रित की गई; निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा ठेकेदारों के नाम सहित दें?

पदपूर्ति

844 **श्री जिया लाल (भरमौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि भरमौर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पांगी में पटवारियों के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

प्रधानमन्त्री /मुख्य मन्त्री आवास योजना

845 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत 3 वर्षो में दिनांक 31.01.2020 तक चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रधान मन्त्री एवं मुख्य मंत्री आवास योजना के अन्तर्गत कितने आवेदन प्राप्त हुए व कितने आवास निर्मित किए गए हैं; ब्यौरा लाभार्थियों के नाम व पते सहित दें; और

(ख) शेष आवेदकों के लिए आवासों का निर्माण कब तक कर दिया जायेगा ?

मजदूरों को अदायगी

846 **श्री बलबीर सिंह (चिन्तपुरनी):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.01.2020 तक चिन्तपुरनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत मनरेगा के तहत कितने मजदूरों की मजदूरी की अदायगी नहीं की गई; यह अदायगी कब तक कर दी जाएगी; ब्यौरा पंचायतवार दें?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**
दिनांक: 12 फरवरी, 2020 . **सचिव।**